राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–विज्ञप्ति

क्रमांक : एफ. 7(01) परीक्षा 'क'/प्राध्यापक/(स्कूल शिक्षा)/2018–2019/64 दिनांक : 24.08.2020

प्राध्यापक–(स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2018 के अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच हेतु विचारित सूचियाँ दिनांक 23.06.2020 से 20.08.2020 (कुल विषय–14) तक जारी कर दी गई हैं, शेष विषयों की विचारित सूची जारी करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों के विस्तृत आवेदन पत्रों की जांच काउन्सलिंग के माध्यम से की जावेगी। पात्रता जांच उपरान्त पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का अन्तिम परिणाम जारी किया जावेगा। आयोग द्वारा प्रथम चरण की कांउसलिंग दिनांक 31.08.2020 से 15.09.2020 तक कांउसलिंग स्थल–राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान (T.T. College), सोफिया कॉलेज के पास, मीरशाह अली, जयपुर रोड, अजमेर में आयोजित की जा रही है। काउंसलिंग कार्यक्रम, विस्तृत आवेदन पत्रों के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश, काउंसलिंग पत्र व अन्य प्रपत्रादि आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर जारी किये जा रहे हैं, जिन्हें अभ्यर्थी दिनांक 25.8.2020 से डाउनलोड कर काउंसलिंग कार्यक्रम के अनुसार भरे हुए विस्तृत आवेदन पत्र की दो प्रतियों मय स्वप्रमाणित दस्तावेजों की एक प्रति व मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित अवधि में स्वयं व्यक्तिशः काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होवें। अभ्यर्थियों को विषयवार/रोल नम्बर–वाईज निर्धारित दिनांक व समय पर काउन्सलिंग हेतु जारी कार्यक्रमानुसार काउंसलिंग स्थल पर स्वयं उपस्थित होना है।

काउंसलिंग के प्रथम चरण का कार्यक्रम विषयवार/दिनांकवार निम्नानुसार हैः–

क्र. स.	प्राध्यापक पद का विषय	परिणाम (विचारित–सूची) में सफल अभ्यर्थियों के रोल नम्बर		काउन्सलिंग की दिनांक	कुल अभ्यर्थियों की संख्या
1	राजस्थानी	125133	325880	31.08.2020	19
2	संस्कृत	101623	333449		326
3	चित्रकला	708478	918392		84
4	समाजशास्त्र	702868	930029		80
5	हिन्दी	100023	179002	01.09.2020	525
		179011	237034	02.09.2020	525
		237049	324864	03.09.2020	525
		324918	334558	04.09.2020	79
6	रसायन विज्ञान	700244	929485		322
7	गणित	700001	747185		120
		748271	925500	07.09.2020	251
8	अंग्रेजी	701046	793653		265
		793857	930484	08.09.2020	347
9	कृषि	700373	764038		180
		764041	930686	09.09.2020	480
10	इतिहास	700072	704804		45
		704806	796600	10.09.2020	525
		796920	915263	11.09.2020	525
		915320	931027	14.09.2020	106
11	वाणिज्य	701640	929712		249
12	गृहविज्ञान	701172	846488		150
		847947	927066	15.09.2020	23
13	भौतिक विज्ञान	400034	607276		363
14	पंजाबी	746874	832473		40

इस हेतु अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा पृथक से कोई ऑफलाईन पत्र जारी नहीं किया जायेगा। शेष अभ्यर्थियों की काउन्सलिंग कार्यक्रम की सूचना आयोग द्वारा यथा समय जारी कर दी जावेगी। आयोग द्वारा आगामी काउन्सलिंग संबंधी सूचना प्रेस–नोट द्वारा जारी कर दी जावेगी।

साथ ही यह भी निर्देशित किया जाता है कि आयोग द्वारा अपलोड किये गये 02 पात्रता प्रपत्रों व काउन्सलिंग–पत्र के साथ अभ्यर्थियों के आवश्यक दिशा–निर्देशों को डाउनलोड कर उनका ध्यानपूर्वक अध्ययन करते हुए दिशा–निर्देशों की पालना सुनिश्चित करें।

काउंसलिंग हेतु अभ्यर्थी निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित होवें अन्यथा निर्धारित दिनांक एवं समय पर काउन्सलिंग में उपस्थित नहीं होने पर अभ्यर्थी को काउन्सलिंग से वंचित कर दिया जायेगा, इस हेतु अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। काउंसलिंग मे अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी अन्तिम परिणाम हेतु विचारित योग्य नहीं होंगे, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। काउन्सलिंग में शामिल अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(शुभम् चौधरी)
सचिव